## PRACTICE SET-1

### अनुच्छेद संख्या-1

जनता को राजनीतिक विषयों की शिक्षा तभी ...1... रूप से प्राप्त हो सकती है जबकि उसे विभिन्न प्रकार की विचारधाराओं को भलीभांति समझने और उनमें ...2... करने का अवसर मिले। राज्य का कर्तव्य है कि वह जनता को ऐसी मौलिक शिक्षा प्रदान करे, जिससे उसमें ...3... की क्षमता आ सके। इसमें ...4... शिक्षा का सबसे महत्त्वपूर्ण स्थान है, जिसमें न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतर्राष्ट्रीय कर्तव्यों का पालन करने की भी शिक्षा दी जानी चाहिए। अगर हम साहस के साथ ...5... होकर अपने कर्तव्य का पालन करेंगे तो नि:सन्देह हमारा भविष्य उज्ज्वल है।

**1.** **a.** परिमित **b.** समुचित
**c.** अतिरंजित **d.** अनुचित

**2.** **a.** प्रलाप **b.** भुंजार
**c.** गर्जना **d.** निर्णय

**3.** **a.** दुस्साहस **b.** आत्मविस्मृति
**c.** प्रंचना **d.** आत्मनिर्णय

**4.** **a.** धार्मिक **b.** नागरिक
**c.** पारंपरिक **d.** नारी

**5.** **a.** प्रतिरोधक **b.** शक्तिशाली
**c.** संग्राहक **d.** सचेत

### अनुच्छेद संख्या-2

यह एक सामान्य मान्यता है कि तीसरी दुनिया के देशों में मौसम का ...6... न होने के कारण अचानक सूखे, बाढ़ या अन्य प्राकृतिक ...7... से लोगों को भूखा मरना पड़ता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि तीसरी दुनिया में खाद्यान्न-उत्पादन के लिए मौसम बहुत अच्छा है। मौसम की अव्यवस्था और ...8... से लड़ने के लिए तीसरी दुनिया के किसानों ने सदियों के अनुभव से नई तकनीकें विकसित की हैं, लेकिन फिर भी, प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। इनसे सक्षम और साधन-सम्पन्न लोग उतना प्रभावित नहीं होते, जितना कि ...9... गरीब आदमी। इसमें कोई सन्देह नहीं कि गरीबी की समस्या जनसंख्या से जुड़ी है, लेकिन यह भी सच है कि आज दुनिया में खाद्यान्न-उत्पादन प्रत्येक के पेट भरने की ...10... से अधिक है।

**6.** **a.** आभास **b.** पूर्वानुमान
**c.** अनुशासन **d.** अभ्यास

**7.** **a.** आपदा **b.** संपदा
**c.** अनुशासन **d.** पैदावार

**8.** **a.** सन्तुलन **b.** पर्यावरण
**c.** असन्तुलन **d.** व्यवहार

**9.** **a.** साधनहीन **b.** अमीर
**c.** दुर्व्यसनी **d.** शहरी

**10.** **a.** उपादेयता **b.** समता
**c.** क्षमता **d.** योग्यता

**11. मनुष्य जीवन में ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ के अलावा एक आश्रम और भी है। वह चौथा आश्रम कौन-सा है?**
**a.** दंड **b.** मोक्ष
**c.** संन्यास **d.** क्षत्रिय

**निर्देश (12 से 14)–गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

अक्सर दूरदर्शन पर परिवार नियोजन के कार्यक्रम और विज्ञापनों को लेकर सवाल उठाये जाते हैं कि ये विज्ञापन बच्चों पर बुरा असर डाल रहे हैं, बच्चों को समय से पहले प्रौढ़ बना रहे हैं। क्या सचमुच इस तरह के विज्ञापन समाज के लिए अहितकर हैं?

यह तथ्य सभी एक स्वर में स्वीकारते हैं कि आज बढ़ती आबादी सबसे बड़ा संकट है। परन्तु बढ़ती आबादी पर रोक के लिए कौन-से कारगर उपाय किए जाएं, यह चिंतन का बिंदु रहा है। निश्चय ही जनसंख्या पर नियंत्रण में संचार माध्यमों द्वारा ज्ञापित संदेश जनमानस में व्यापक असर डालते हैं।

**12. आज सबसे बड़ा संकट क्या है?**
**a.** मनोरंजन **b.** रोजगार
**c.** गरीबी **d.** जनसंख्या

**13. 'प्रौढ़' का अर्थ बताएं।**
**a.** अपरिपक्व **b.** अनुभवहीन
**c.** वयस्क **d.** अशक्त

**14. कौन-सा शब्द 'उपाय' से संबंधित नहीं है?**
**a.** तरकीब **b.** साधन
**c.** विलक्षण **d.** युक्ति

**15. कौन-सा विशेषण निश्चित संख्यावाचक विशेषण नहीं है?**
**a.** कुर्ते के लिए दो मीटर कपड़ा चाहिए।
**b.** एक किलो आम से ज्यादा मत लाना।
**c.** सैकड़ों लोग मारे गए।
**d.** चाय में पचास ग्राम चीनी डालना।

**16. 'पुष्कर' का अर्थ बताइए।**
**a.** नदी का नाम
**b.** मूषक
**c.** ट्रेन का नाम
**d.** सरोवर

**17. 'मैंने आम ले लिया हैं' का बहुवचन क्या होगा?**
**a.** मैंने आम ले लिये हैं
**b.** मैंने आम लिये हैं
**c.** हमने आम ले लिये हैं
**d.** हमने आम ले लिया है

**18. 'जटिल' का अर्थ बताइए।**

a. व्यर्थ  b. पेचीदा
c. असंभव  d. गंदा

**19. दिए गए विकल्पों में से सही वाक्य चुनिए।**

a. मैंने आपसे प्रणाम किया था।
b. मैं आपको परनाम किया हूँ।
c. मैंने आपको प्रणाम किया था।
d. मैं आपको प्रणाम किया था।

**20. 'गाढ़ा' शब्द का विलोम बताइए।**

a. पतला  b. सुख
c. गड्ढा  d. ढीठ

**21. 'जिंदगीनामा' के लेखक कौन हैं?**

a. कृष्णा सोबती  b. केदारनाथ सिंह
c. कैफी आज़मी  d. कालिदास

**22. 'यह कथा उस समय की है जब लंका जाने के लिए भगवान श्रीराम ने सेतु ............ के पूर्व समुद्र तट पर शिवलिंग ............ किया था।' रिक्त स्थानों के लिए उचित विकल्प चुनिए।**

a. निर्माण, स्थापित  b. जोड़ने, पूजा
c. लांघने, ध्यान  d. पारने, रचना

**23. 'मिलजुल मन' किसकी रचना है?**

a. नासिरा शर्मा  b. चित्रा मुद्गल
c. ममता कालिया  d. मृदुला गर्ग

**24. विकल्पों में से स्त्रीलिंग शब्द का चयन करें।**

a. राजन  b. अग्रजा
c. छात्र  d. सागर

**25. दिए गए विकल्पों में से शुद्ध वाक्य पहचानिए।**

a. मोरों के पंख सुंदर होता हैं।
b. मोर के पंख सुंदर होते हैं।
c. मोर का पंख सुंदर होता है।
d. मोरो के पंख सुंदर होते है।

**26. ब्रह्मा, ............, महेश, ये तीनों ............ जगत का संचालन करती हैं।**
**रिक्त स्थानों के लिए उचित विकल्प कौन-सा है,**

a. विष्णु, शक्तियाँ  b. कृष्ण, देवियां
c. शिव, भगवान  d. ऋषि, देवता

**27. दिए गए विकल्पों में से सही वाक्य चुनिए।**

a. ललित को दो बेटियां हैं।
b. कर्म ही जीवन की कसौती है।
c. डर के मारे चोर दौड़ गया।
d. परिवर्तन से ही विकास के चरण आगे बढ़ते हैं।

**28. 'पीपर पात सरिस मन डोला।'**
**'पीपर पात' उपमा अलंकार का कौन-सा अंग है?**

a. वाचक  b. उपमेय
c. साधारण धर्म  d. उपमान

**29. सियार का गुण-स्वभाव ............ और ............ है।**
**रिक्त स्थानों के लिए उचित विकल्प चुनिए।**

a. सुस्त, मूर्ख  b. धूर्तता, चालाकी
c. सफेद, चालक  d. गंदा, वीभत्स

**30. 'किंचित्' तत्सम शब्द का तद्भव शब्द बताइए।**

a. कुछ  b. थोड़ा
c. लेकिन  d. परंतु

**31. 'झूठा सच' के लेखक कौन हैं?**

a. यशपाल  b. कबीर
c. विष्णु प्रभाकर  d. मैथिलीशरण गुप्त

**32. हिन्दी वर्तनी के आधार पर सही वाक्य का चयन करें।**

a. तुम इसका दाम देते जाऔ।
b. तुम इसके दाम देते जाओ।
c. तुम इसका दाम देते जाओ।
d. तुम इसके दाम देते जाओ।

**33. 'पायो जी मैंने राम-रतन धन पायो।'**
**पंक्ति के आधार पर सही अलंकार चुनिए।**

a. अनुप्रास अलंकार  b. उत्प्रेक्षा अलंकार
c. रूपक अलंकार  d. उपमा अलंकार

**34. 'उपमाअलंकार' में 'उप' का अर्थ क्या है?**

a. तौलना  b. ऊपर
c. बादल  d. समीप

**35. 'काफूर होना' मुहावरे का सही अर्थ क्या है?**

a. बड़ा काम करना  b. गद्दार होना
c. भाग जाना  d. कलंकित होना

**36. 'रेहन पर रग्घू' किस लेखक का उपन्यास है?**

a. काशीनाथ सिंह  b. गोविन्द मिश्र
c. मैत्रेयी पुष्पा  d. दूधनाथ सिंह

**37. 'लाल-पीला होना' मुहावरे का सही अर्थ क्या है?**

a. बहुत क्रोध करना
b. बिल्कुल बदल जाना
c. अत्यधिक घमंड होना
d. लाल और पीला रंग डालना

**38. विकल्पों में से पुल्लिंग शब्द का चयन करें।**

a. तेजस्वी  b. तपस्विनी
c. हंसिनी  d. परोपकारिणी

**39. 'वह काम बहुत ढंग से करते हैं।' वाक्य का काल पहचानिए।**

a. सामान्य वर्तमानकाल  b. सामान्य भूतकाल
c. सामान्य भविष्यकाल  d. संभाव्य भविष्यकाल

**40. 'सुप्त' का विरुद्धार्थी शब्द बताइए।**

a. घालक  b. पौरस्त्य
c. गरमी  d. जागृत

**41. 'विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की प्राचीनकाल की ............ से लेकर इस शताब्दी में प्राप्त महान सफलताओं की एक लंबी और ............ परंपरा रही है।' रिक्त स्थानों के लिए उचित विकल्प चुनिए।**

**a.** नवाचारों, आहत  **b.** उपलब्धियों, अनूठी

**c.** कर्मों, अकाट्य  **d.** विजय, अभय

**42. लोक में प्रचलित उक्ति जिसका मूल अर्थ बना रहता है और स्वतंत्र रूप से उसका प्रयोग भी किया जाता है, दिए गए विकल्पों में से सही उक्ति का चयन करें।**

**a.** लोकोक्ति  **b.** मुहावरा

**c.** विशेषण  **d.** सर्वनाम

**43. 'अध्यापिकाएँ' इस शब्द के वचन के आधार पर निम्नलिखित विकल्पों में से सही संधि-विच्छेद का चयन करे।**

**a.** अध्यापिका + इकाएँ  **b.** अध्यापिका + ऐ

**c.** अध्यापिका + एँ  **d.** अध्यापिका + ए

**44. दिए गए विकल्पों में से सही वाक्य चुनिए।**

**a.** तीन नगरों का नाम बताइए।

**b.** तीन नगर के नाम बताइए।

**c.** तीन नगरों के नाम बताइए।

**d.** तीन नगर का नाम बताइए।

**45. 'मुक्तिबोध' के लिए जैनेन्द्र कुमार को किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?**

**a.** साहित्य अकादमी पुरस्कार

**b.** सरस्वती पुरस्कार

**c.** मंगला प्रसाद पारितोषिक

**d.** ज्ञानपीठ पुरस्कार

**46. किस वाक्य में प्रविशेषण नहीं हैं?**

**a.** मुझे तो थोड़ी ही भूख है।

**b.** अरे! बहुत ही सुंदर फूल है।

**c.** आजकल संतरे कुछ ज्यादा खट्टे हैं।

**d.** बच्चे समझदार हो गए हैं।

**47. 'निरंतर ............ करने से कामयाबी जरूर हासिल होती है।' रिक्त स्थान के लिए उचित विकल्प कौन-सा है?**

**a.** हंगामा  **b.** कार्य

**c.** चीत्कार  **d.** प्रयास

**48. 'बोध' शब्द का समानार्थी शब्द कौन-सा है?**

**a.** शांत  **b.** विस्मृति

**c.** बोझ  **d.** अनुभूति

**49. 'काली घटा का घमंड घटा।'**
**पंक्ति में कौन-से अलंकार का प्रयोग किया गया है?**

**a.** प्रश्न अलंकार  **b.** वीप्सा अलंकार

**c.** यमक अलंकार  **d.** अन्योक्ति अलंकार

**50. 'थोथा चना बाजे घना' मुहावरे के अर्थ का चयन करें।**

**a.** दिखावा बहुत करना परन्तु सार न होना।

**b.** चने को बजाना।

**c.** चने रूपी खिलौने से खेलना।

**d.** बहुत आवाज करना।

## व्याख्या सहित उत्तर

**1. b.** जनता को राजनीतिक विषयों की शिक्षा तभी समुचित रूप से प्राप्त हो सकती है।

**2. d.** और उनमें निर्णय करने का अवसर मिले।

**3. d.** जिससे उसमें आत्मनिर्णय की क्षमता आ सके।

**4. b.** इसमें नागरिक शिक्षा का सबसे महत्त्वपूर्ण स्थान है।

**5. d.** अगर हम साहस के साथ सचेत होकर अपने कर्तव्य का पालन करेंगे तो नि:संदेह हमारा भविष्य उज्ज्वल है।

**6. b.** तीसरी दुनिया के देशों में मौसम का पूर्वानुमान न होने के।

**7. a.** अन्य प्राकृतिक आपदा से लोगों को भूखा मरना पड़ता है।

**8. c.** मौसम की अव्यवस्था और असन्तुलन से लड़ने के लिए तीसरी दुनिया के किसानों ने सदियों के अनुभव से नई तकनीकें विकसित की हैं, लेकिन फिर भी, प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है।

**9. a.** जितना कि साधनहीन गरीब आदमी।

**10. c.** आज दुनिया में खाद्यान्न-उत्पादन प्रत्येक के पेट भरने की क्षमता से अधिक है।

**11. c.** हिन्दू धर्म में चार आश्रमों का उल्लेख किया गया है। इन चारों आश्रमों का सर्वप्रथम उल्लेख जाबालोपनिषद् में मिलता है। ये क्रमश: ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ तथा संन्यास हैं। मनुष्य की आयु 100 वर्ष मानकर प्रत्येक आश्रम के लिए 25 वर्ष निर्धारित की गई थी।

**12. d.** गद्यांश में स्पष्टत: उल्लेख किया गया है कि आज बढ़ती आबादी सबसे बड़ा संकट है। अत: विकल्प d. सही है।

**13. c.** प्रौढ़ का अर्थ वयस्क, वयोवृद्ध, परिपक्व, प्रधान आदि होता है।

**14. c.** उपाय का अर्थ साधन, युक्ति, पद्धति आदि होता है। जबकि विलक्षण का अर्थ असाधारण के संदर्भ में व्यक्त किया जाता है।

**15. c.** 'सैकड़ों लोग' अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण को अभिव्यक्त करता है, क्योंकि सैकड़ों में 200, 300, 400 आदि कोई निश्चित संख्या नहीं बताई गई है।

**16. d.** पुष्कर का अर्थ सरोवर है, जो तालाब के अर्थ में प्रयुक्त होता है।

**17. a.** 'मैंने आम ले लिया हैं' का बहुवचन 'मैंने आम ले लिए हैं' होगा।

**18. b.** **19. c.** **20. a.**

**21. a.** जिंदगीनामा उपन्यास की रचना लेखिका कृष्णा सोबती ने की है। इनकी अन्य प्रमुख कृतियाँ हैं. मित्रो मरजानी, दिलोदानिश, समय सरगम आदि।

**22. a.**

**23. d.** मृदुला गर्ग ने 'मिलजुल मन' उपन्यास की रचना की है। इनके अन्य उपन्यास हैं–उसके हिस्से की धूप, चित्तकोबरा, मैं और मैं, कठगुलाब आदि।

**24. b.** **25. b.** **26. a.** **27. d.**

**28. d.** उपमा अलंकार के चार अवयव होते हैं. उपमेय, उपमान, वाचक तथा साधारण धर्म। जिसकी उपमा दी जाय उसे उपमेय, जिससे उपमा दी जाए उसे उपमान। जिस शब्द से उपमा प्रकट की जाए उसे वाचक तथा जिस गुण आदि को लेकर उपमा दी जाए उसे साधारण धर्म कहा जाता है। प्रस्तुत पंक्ति में मन के डोलने अर्थात् चंचलता को पीपल के पत्ते के डोलने के समान कहा गया है। अत: पीपर पात्त उपमान है।

**29. b.**

**30. a.** 'किंचित्' शब्द का तद्भव 'कुछ' होता है।

**31. a.** 'झूठा सच' उपन्यास की रचना उपन्यासकार यशपाल ने की है। उनकी अन्य प्रमुख कृतियाँ हैं. देशद्रोही, दादा कामरेड, तेरी मेरी उसकी बात इत्यादि।

**32. b.**

**33. c.** प्रस्तुत पंक्ति में राम (उपमेय) को रतन (उपमान) का रूप मान लिया गया है। अत: पंक्ति में रूपक अलंकार होगा।

**34. d.** 'उपमा अलंकार' में 'उप' का अर्थ 'समीपसे' और 'मा' का अर्थ देखना या तोलना है।

**35. c.**

**36. a.** 'रेहन पर रग्घू' उपन्यास के रचयिता काशीनाथ सिंह हैं। उन्हें वर्ष 2011 में इसी उपन्यास के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला था। इनके अन्य प्रमुख उपन्यास हैं–अपना मोर्चा, काशी का अस्सी आदि।

**37. a.** **38. a.**

**39. a.** प्रस्तुत वाक्य से वर्तमान स्थिति का बोध हो रहा है। अत: यह सामान्य वर्तमानकाल का वाक्य है।

**40.** 'सुप्त' का विरुद्धार्थी 'जाग्रत' होता है। 'जागृत' शब्द अशुद्ध है। अत: कोई भी विकल्प सही नहीं है।

**41. b.**

**42. a.** लोक में प्रचलित उक्ति जिसका मूल अर्थ बना रहता है और स्वतंत्र रूप से उसका प्रयोग भी किया जाता है 'लोकोक्ति' होती है, जबकि मुहावरा वाक्यांश होता है। मुहावरे में माध्यम की आवश्यकता होती है। उसका स्वतंत्र प्रयोग नहीं किया जा सकता है।

**43. c.** **44. c.**

**45. a.** जैनेन्द्र कुमार को 'मुक्तिबोध' उपन्यास के लिए वर्ष 1966 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

**46. d.** विशेषण की विशेषता बताने वाले शब्द को प्रविशेषण कहते हैं। प्रश्न में दिए गए प्रथम तीन विकल्पों में भूख, सुंदर तथा खट्टे शब्दों के लिए क्रमश: थोड़ी ही, बहुत ही तथा कुछ ज्यादा प्रविशेषण का प्रयोग किया गया है। अत: विकल्प **d.** में प्रविशेषण नहीं है।

**47. d.**

**48. d.** 'बोध' शब्द का समानार्थी शब्द अनुभूति है।

**49. c.** जब किसी काव्य पंक्ति में एक शब्द की आवृत्ति दो या दो से अधिक बार हो, लेकिन प्रत्येक समय उसके अर्थ अलग-अलग होए वहाँ यमक अलंकार होता है। प्रस्तुत पंक्ति में 'घटा' शब्द का दो बार प्रयोग हुआ है। पहली बार घटा का अर्थ 'बादल' तथा दूसरी बार घटा का अर्थ 'कम होने' से है।

**50. a.**

❑❑❑